Title: Need to render financial assistance to Government of Madhya Pradesh for providing infrastructural facilities at Mahakumbh Mela in Ujjain.

श्री थावरचन्द गैंहलोत (शाजापुर): मध्य प्रदेश के उज्जैन में जहां महाकाल भगवान का अति प्राचीन मन्दिर है, हर बारह वर्ा में महाकुम्भ मेला भरता है। उक्त महाकुम्भ लगभग दो माह तक चैंलता है। इस महाकुम्भ में देश विदेश के लाखों करोड़ों लोग अैंते जाते हैं। महाकुम्भ में भारी आवागमन के कारण उज्जैन, शाजापुर, रतलाम और इन्दौर तथा देवास जिलों की सड़कों और रेलवे स्टेशनों पर लोगों और वाहनों की भारी भीड़ रहती है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि देवास और आसपास के रेलवे स्टेशन तथा मक्सी, बेरछा, अकोदिया, कालापीपल व अन्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म व्यवस्थित करने, शेड बनाने, पानी व शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु आवश्यक आदेश व धनराशि उपलब्ध कराकर उपरोक्त सुविधायें उपलब्ध कराई जायें तथा आसपास के सौ-सौ किलोमीटर सड़क मार्ग को चौड़ा करने और पक्का करके व्यवस्थित करने हेतु पर्याप्त धन उपलब्ध कराकर सुव्यवस्थित और अच्छी सड़क सुविधा उपलब्ध करवाई जाये।